# न्यायालय सहायक कलेक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी लूणी
## पीठासीन अधिकारी गोपाल परिहार आर.ए.एस.

राजस्व प्रार्थना पत्र संख्या : 41/2018

| वादीगण | बनाम | प्रतिवादीगण |
|---|---|---|
| 01.मालसिंह पुत्र श्री बाबुलाल<br>02.पप्पुसिंह पुत्र श्री बाबुलाल<br>जातियान माली, निवासीगण ग्राम सालावास, तहसील लूणी, जिला जोधपुर । | | 01. शीतल पत्नि श्री अमित लदड़<br>02. सरोज पत्नि श्री राजेन्द्र लदड़<br>जातियान माहेश्वरी, निवासीगण ग्राम बोरानाडा, तहसील लूणी, जिला जोधपुर ।<br>03. रूगनाथसिंह पुत्र श्री भूराराम<br>04. चून्नीलाल पुत्र श्री भूराराम<br>05. ओमप्रकाश पुत्र श्री चिमनसिंह उर्फ चिमनाराम<br>06. मनोहरसिंह पुत्र श्री चिमनसिंह उर्फ चिमनाराम<br>07. सन्तोकसिंह पुत्र श्री चिमनसिंह उर्फ चिमनाराम<br>08. ज्ञानकंवर पत्नि श्री चिमनसिंह उर्फ चिमनाराम<br>जातियान माली, निवासीगण ग्राम सालावास, तहसील लूणी, जिला जोधपुर ।<br>09. मंजूलता पुत्री श्री चिमनसिंह उर्फ चिमनाराम पत्नि श्री प्रेमसिंह, जाति माली, निवासी ग्राम मथानियां, तहसील तिंवरी, जिला जोधपुर ।<br>10. गीता पुत्री श्री चिमनसिंह उर्फ चिमनाराम, पत्नि श्री अभिषेक, जाति माली, निवासी गहलोत कुलर, रिलायन्स पेट्रोल पम्प के पिछे, पाल गांव, तहसील व जिला जोधपुर ।<br>11. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार लूणी। |

**दावा वास्ते बंटवाड़ा अन्तर्गत धारा 53, राजस्थान काश्तकारी अधिनियम**

उपस्थिति –

1. वादीगण की और से अधिवक्ता श्री प्रेमकुमार देवड़ा ।
2. प्रतिवादीगण की और से अधिवक्ता श्री सूर्यप्रकाश शर्मा, श्री रामप्रकाश लटियाल ।

### आदेश

दिनांक :– 24.01.2020

पत्रावली आज पेश हुई। प्रकरण में दिनांक 01.10.2019 को बंटवाड़ा प्रस्ताव तैयार करने हेतु आदेश पारित किया जाकर वाद प्राथमिक डिक्री किया गया। तहसीलदार लूणी द्वारा ग्राम सालावास, तहसील लूणी के खसरा संख्या 48 की कुल भूमि रकबा 102 बीघा 02 बिस्वा का बंटवाड़ा प्रस्ताव तहसीलदार लूणी के पत्रांक/भू. अ./2019/3837 दिनांक 27.12.2019 को तैयार कर प्रस्तुत किया गया।

प्रकरण में बहस सुनी गयी तथा पत्रावली का अवलोकन किया गया। बंटवाड़ा प्रस्ताव की मौका फर्द दिनांक 20.12.2019 अनुसार खसरा संख्या 48 कुल रकबा 102 बीघा 02 बिस्वा भूमि के खातेदारों के रूबरू बंटवाड़ा प्रस्ताव तैयार किया गया जिसके अनुसार बंटवाड़ा प्रस्ताव निम्न अनुसार हैं :–

| क्र. सं. | खातेदार | खसरा संख्या | रकबा(बीघा) | किस्म | लगान |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मालसिंह पि. बाबुलाल जाति माली सा. देह खातेदार शीतल पत्नि अमित लदड़ (6 बीघा) जाति माहेश्वरी नि. बोरानाडा पप्पुसिंह पि. बाबुलाल | 48/1 | 33–13–06 | बा–3 | 10.10 |

सहायक कलेक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी
लूणी (जोधपुर) राज.

Scanned by CamScanner

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| . | जाति माली सा. देह खातेदार सरोज पत्नि राजेन्द्र लदड़ (4 बीघा) जाति माहेश्वरी नि. बोरानाडा खातेदार | | | | |
| 2 | रूगनाथसिंह, चुन्नीलाल पि. भूराराम जाति माली सा. देह खातेदार रहन चुन्नीलाल का हिस्सा युको बैक सालावास | 48/2 | 33–13–07 | बा–3 | 10.10 |
| 3 | ओमप्रकाश, मनोहरसिंह, सन्तोकसिंह पि. चिमनसिंह उर्फ चिमनाराम, मंजूलता, गीता पुत्रिया चिमनाराम उर्फ चिमनसिंह जाति माली सा. देह खातेदार | 48/3 | 33–13–07 | बा–3 | 10.10 |
| 4 | मालसिंह,पप्पुसिंह पि. बाबुलाल1/3 रूगनाथसिंह,चुन्नीलाल पि. भूराराम 1/3 ओमप्रकाश,मनोहरसिंह, सन्तोकसिंह पि. चिमनसिंह उर्फ चिमनाराम,मंजूलता,गीता पुत्रियां चिमनाराम 1/3 जाति माली सा. देह खातेदार रहन चुन्नीलाल का हिस्सा युको बैक सालावास | 48 | 01–02–00 | बा–3 | 0.33 |

उपरोक्तानुसार वादीगण एवं प्रतिवादीगण के हिस्से अनुसार बंटवाड़ा प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया हैं तथा उक्त बंटवाड़ा प्रस्ताव की मौका फर्द में उपरोक्त हिस्से अनुसार नजरी नक्शा भी मौके पर काबिज अनुसार तथा हिस्से अनुसार दर्शाया गया हैं तथा सभी खातेदारों के आने जाने हेतु रास्ते का रकबा भी छोड़ा गया हैं ऐसी स्थिति में वादीगण का वाद बंटवाड़ा प्रस्ताव की मौका फर्द दिनांक 20.12.2019 अनुसार स्वीकार किये जाने योग्य प्रतीत होता हैं।

**आदेश**

अतः वादीगण द्वारा प्रस्तुत वाद स्वीकार किया जाकर आदेश पारित किया जाता हैं कि ग्राम सालावास, तहसील लूणी, जिला जोधपुर के खसरा संख्या 48 कुल रकबा 102 बीघा 02 बिस्वा के सम्बन्ध में बंटवाड़ा प्रस्ताव की मौका फर्द दिनांक 20.12.2019 में दर्शाये गये हिस्से अनुसार वादीगण एवं प्रतिवादीगण को खातेदार काश्तकार घोषित किया जाता हैं। मौका फर्द दिनांक 20.12.2019 इस आदेश का अभिन्न अंग समझी जावेंगी। तहसीलदार लूणी मौका फर्द दिनांक 20.12.2019 अनुसार राजस्व रेकर्ड में आवश्यक अमल दरामद कर वादीगण तथा प्रतिवादीगण के खाते में मौका फर्द बटवाडा प्रस्ताव में दर्शाये गये हिस्से अनुसार अलग अलग खाते में दर्शाये गये व नजरी नक्शें अनुसार राजस्व नक्शें में इन्द्राज व तरमीम दर्ज करें। तद्नुसार डिक्री पर्चा जारी हो। पत्रावली फैशल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हों ।

24/01/2020

(गोपाल परिहार)
आरएएस
सहायक कलक्टर
एवं उपखण्ड अधिकारी लूणी

सहायक कलेक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी
लूणी (जोधपुर) राज.

निर्णय आज दिनांक 24.01.2020 को बसरे ईजलास लिखाया जाकर सुनाया गया।

सहायक कलक्टर
एवं उपखण्ड अधिकारी लूणी

सहायक कलेक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी
लूणी (जोधपुर) राज.

Scanned by CamScanner

## डिकरी बमुकदमें इब्तदाई
## (आर्डर 20, रूल 6–7, जाब्ता दीवानी)
## अज अदालत सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी, लूणी
## पीठासीन अधिकारी गोपाल परिहार आर.ए.एस.

राजस्व वाद संख्या 41/2019

| वादीगण | बनाम | प्रतिवादीगण |
|---|---|---|
| 01. [illegible] पुत्र श्री बाबुलाल<br>02. [illegible] पुत्र श्री बाबुलाल<br>जातियान माली, निवासीगण ग्राम सालावास, तहसील लूणी, जिला जोधपुर । | | 01. शीतल पत्नि श्री अमित लदड़<br>02. सरोज पत्नि श्री राजेन्द्र लदड़<br>जातियान माहेश्वरी, निवासीगण ग्राम बोरानाड़ा, तहसील लूणी, जिला जोधपुर ।<br>03. रुगनाथसिंह पुत्र श्री भूराराम<br>04. चून्नीलाल पुत्र श्री भूराराम<br>05. ओमप्रकाश पुत्र श्री चिमनसिंह उर्फ चिमनाराम<br>06. मनोहरसिंह पुत्र श्री चिमनसिंह उर्फ चिमनाराम<br>07. सन्तोकसिंह पुत्र श्री चिमनसिंह उर्फ चिमनाराम<br>08. ज्ञानकंवर पत्नि श्री चिमनसिंह उर्फ चिमनाराम<br>जातियान माली, निवासीगण ग्राम सालावास, तहसील लूणी, जिला जोधपुर ।<br>09. मंजूलता पुत्री श्री चिमनसिंह उर्फ चिमनाराम पत्नि श्री प्रेमसिंह, जाति माली, निवासी ग्राम मथानियां, तहसील तिंवरी, जिला जोधपुर ।<br>10. गीता पुत्री श्री चिमनसिंह उर्फ चिमनाराम, पत्नि श्री अभिषेक, जाति माली, निवासी गहलोत कुलर, रिलायन्स पेट्रोल पम्प के पिछे, पाल गांव, तहसील व जिला जोधपुर ।<br>11. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार लूणी । |

दावा बाबत विभाजन कृषि जोत अंतर्गत धारा 53 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 मुकदमा नम्बर 41/2019 यह आज मुकदमा वास्ते इनकिलास किलई रू–ब–रू हमारे बहाजरी वादी मिनजानिब मुदई व प्रतिवादीगण मिनजानिब मुद्दायलाह पेश होकर हुकम दिया जाता है व डिगरी दी जाती हैं कि

अतः आदेश है कि वादीगण एवं प्रतिवादीगण की सहखातेदारी भूमि ग्राम सालावास, तहसील लूणी, जिला जोधपुर के खसरा संख्या 148 कुल रकबा 102 बीघा 02 बिस्वा का बंटवाड़ा प्रस्ताव की मौका फर्द दिनांक 20.12.2019 अनुसार वाद डिक्री किया जाता हैं तथा मौका फर्द अनुसार राजस्व रेकर्ड में आवश्यक इन्द्राज करें ।

नीज.................................मुबलिक............................बाबत..............................खर्चा इस मुकदमें के मय सूद व वगैरह......................................फीसदी सालाना आज की तारीख व तारीख वसुलयाबी तक.........................................को अदा करें।

बसीब्त मेरे दस्तखत व मुहर अदालत आज तारीख 24.01.2020 को जारी की गई।

न्यायालय सहायक कलक्टर
एवं उपखण्ड अधिकारी लूणी

सहायक कलेक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी
लूणी (जोधपुर) राज.

| मुद्दाई | रूपया | पै. | मुद्दायलाह | रूपया | पै. |
|---|---|---|---|---|---|
| स्टाम्प अरजी दावा स्टाम्प<br>वकालतनामा<br>स्टाम्प वजह सबूत<br>महनताना वकील<br>खर्चा गवाहान<br>फीस कमिश्नर<br>बाबत इजराय हुक्मनामा मुतफर्रिक<br>मीजान | | | स्टाम्प अरजी दावा<br>स्टाम्प<br>वकालतनामा<br>स्टाम्प वजह सबूत<br>महनताना वकील<br>खर्चा गवाहान<br>फीस कमिश्नर<br>बाबत इजराय हुक्मनामा<br>मुतफर्रिक<br>मीजान | | |

24/01/2020

न्यायालय सहायक कलक्टर
एवं उपखण्ड अधिकारी लूणी

सहायक कलेक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी
लूणी (जोधपुर) राज.

Scanned by CamScanner